समाचार विज्ञपति

फाइज़र पेडिएट्रिक वैक्सीन रोलआउट शुरू होने वाला है

23 नवंबर, 2021

प्रांत में आने वाले फाइज़र COVID-19 वैक्सीन की 394,000 से अधिक पेडिएट्रिक डोज़ों के साथ, अल्बर्टा 24 नवंबर से पांच से 11 साल के बच्चों के लिए वैक्सीन बुकिंग लेना शुरू कर देगा।

डोज़ें पूरे प्रांत में 120 अल्बर्टा हेल्थ सर्विसिज़ टीकाकरण क्लीनिकों और उन समुदायों में चार फार्मेसियों में वितरित की जा रही है जहां AHS क्लीनिक पास नहीं हैं।

सभी पेडिएट्रिक टीकाकरण के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक होगा और बुकिंग बुधवार, 24 नवंबर को सुबह 8 बजे खुलेगी। पहली डोज़ के लिए अपॉइंटमेंट शुक्रवार, 26 नवंबर से शुरू होंगे। आने वाले दिनों में उन स्थानों के बारे में अधिक जानकारी उपलब्ध होगी जहां माता-पिता अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं।

पांच से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए टीकाकरण अपॉइंटमेंट बुक करना

पूरे प्रांत में अल्बर्टा हेल्थ सर्विसिज़ क्लीनिकों में पेडिएट्रिक टीकाकरण किया जाएगा। वैक्सीनें चार फार्मेसियों में भी उपलब्ध होंगी जहां AHS क्लीनिक सुविधाजनक तौर पर स्थित नहीं हैं। पहली डोज़ की अपॉइंटमेंटों को अल्बर्टा वैक्सीन बुकिंग सिस्टम के माध्यम से alberta.ca/vaccine पर या हेल्थ लिंक को 811 पर कॉल करके बुक किया जाना चाहिए। इस समय वॉक-इन उपलब्ध नहीं हैं।

पांच से 11 वर्ष की आयु के बच्चे जो फर्स्ट नेशंस रिज़र्व में रहते हैं, वे भी रिज़र्व पर नर्सिंग स्टेशनों या सार्वजनिक स्वास्थ्य क्लीनिकों के माध्यम से डोज़ प्राप्त कर सकेंगे।

पांच से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए पहली और दूसरी डोज़ के बीच अनुशंसित अंतराल कम से कम आठ सप्ताह है। यह भी अनुशंसा की जाती है

संबंधित जानकारी

अपनी कोविड-19 वैक्सीन अपॉइंटमेंट बुक करें

कोविड-19 के वैक्सीनें और रिकॉर्ड की जानकारी

वैक्सीन बुकिंग पर AHS की जानकारी

मीडिया पूछताछ

Steve Buick (स्टीव ब्यूइक)
Steve.buick@gov.ab.ca
वरिष्ठ प्रेस सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय
780-288-1735

कि बच्चों को पेडिएट्रिक COVID-19 वैक्सीन और अन्य प्रकार की वैक्सीन प्राप्त करने के बीच कम से कम 14 दिन प्रतीक्षा करनी चाहिए।

प्रतिबंध छूट कार्यक्रम

12 साल से कम उम्र के बच्चों की उनके टीकाकरण की स्थिति की परवाह किए बिना, प्रतिबंध छूट कार्यक्रम में भाग लेने वाले व्यवसायों और स्थानों तक पहुंच जारी रहेगी। इससे माता-पिता और अभिभावकों को यह तय करने का समय मिलेगा कि उनके छोटे बच्चों को यदि और कब COVID-19 से सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

12 वर्ष और उससे कम आयु के बच्चे अपने माता-पिता या अभिभावकों के साथ सुविधाओं का उपयोग करने में सक्षम हैं जो कार्यक्रम की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, साथ ही वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों का पालन करते हुए युवा गतिविधियों में भाग लेते हैं।

महत्वपूर्ण तथ्य

- फाइज़र-बायोएनटेक की कॉमिरनेटी कोविड-19 वैक्सीन कनाडा में पांच से 11 वर्ष की आयु के बच्चों में उपयोग के लिए स्वीकृत एकमात्र वैक्सीन है।
- हेल्थ कनाडा ने 19 नवंबर को पांच से 11 साल के बच्चों के लिए फाइज़र वैक्सीन को मंजूरी दी। इसे यू.एस. में उपयोग के लिए भी अनुमोदित किया गया है।
- पांच से 11 वर्ष की आयु के 391,000 से अधिक अल्बर्टन अब COVID-19 वैक्सीन के लिए पात्र हैं।
- अल्बर्टा में आज तक:
    - पांच से 11 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए, 2020 के मार्च से कोविड-19 के लगभग 30,700 मामलों का निदान किया गया है, इन में से 78 मामले अस्पताल में और 20 इन्टेन्सिव केयर में पहुँचे थे।